# University in News on 22 March 2021

University of Lucknow | Centenary Year
लखनऊ विश्वविद्यालय | शताब्दी वर्ष

100 Years 1920-2020

## AMAR UJALA MY CITY PAGE 5

### गेट में चमके लविवि के युवा

लखनऊ। आईआईटी, मुंबई द्वारा जारी ग्रेजुएट एप्टीट्यूट टेस्ट फॉर इंजीनियरिंग (गेट) में लखनऊ विवि के युवाओं ने भी अच्छा प्रदर्शन किया है। फिजिक्स विभाग के एक दर्जन से अधिक छात्रों ने अच्छी रैंक हासिल की है। डीन स्टूडेंट वेलफेयर प्रो. पूनम टंडन ने बताया कि विभाग के अमूल्य बाजपेई को ऑल इंडिया रैंक 41, अभिषेक यादव को 113वीं रैंक, रजत कुमार मिश्रा को 197वीं रैंक, सारांश सक्सेना 350वीं रैंक, शिवानी मौर्या को 384वीं रैंक, राघवेंद्र प्रताप को 1361वीं ऑल इंडिया रैंक मिली है। इसके साथ ही इंजीनियरिंग के 37 विद्यार्थियों का भी चयन हुआ है।

### छात्राओं ने किया होली धमाल

लखनऊ। लखनऊ विश्वविद्यालय के अंबेडकर गर्ल्स हॉस्टल में रविवार को छात्राओं ने होली उत्सव 'रंग बरसे' में खूब धमाल मचाया। इस मौके पर कुलपति की धर्मपत्नी संगीता राय, डीएसडब्ल्यू प्रो. पूनम टंडन, प्रो. मनुका खन्ना सहित होटल की छात्राओं ने एक-दूसरे पर गुलाल डालकर परिसर में पौधरोपण किया। कार्यक्रम में छात्राओं ने फिल्मों गीतों पर धमाकेदार प्रस्तुतियां भी दी।

## i-NEXT PAGE IV

### एलयू के विद्यार्थी पढ़ाई संग करेंगे कमाई भी

LUCKNOW(21 March): लखनऊ विश्वविद्यालय में पढ़ने वाले जो स्टूडेंट्स पढ़ाई के साथ आत्मनिर्भर बनना चाहते हैं, विश्वविद्यालय ने उनके लिए कर्मयोगी छात्रवृत्ति योजना की शुरुआत की है. जिसमें अब तक 540 विद्यार्थियों ने आवेदन किए हैं. इनके चयन की प्रक्रिया अगले सप्ताह शुरू हो जाएगी. अप्रैल के पहले चरण में चयनित छात्र-छात्राओं की सूची जारी कर विभागों में उन्हें काम आवंटित कर दिया जाएगा.

#### 15 हजार दी जाएगी छात्रवृत्ति

विश्वविद्यालय की अधिष्ठाता छात्र कल्याण (डीएसडब्ल्यू) प्रो. पूनम टंडन ने बताया कि कर्मयोगी छात्रवृत्ति योजना के तहत छात्र-छात्राओं को पढ़ाई के साथ-साथ अपना कौशल विकसित कर खुद को आत्मनिर्भर बनाने का मौका दिया जाएगा. वह पढ़ाई के साथ विश्वविद्यालय में रोजाना दो घंटे के हिसाब से तीन महीने तक काम कर सकेंगे. इसके एवज में उन्हें तीन महीने में कुल 15 हजार रुपये की छात्रवृत्ति दी जाएगी. साथ ही अनुभव प्रमाणपत्र भी दिया जाएगा.

### छात्रावासों में खेली गई होली, हुआ डांस

LUCKNOW(21 March): लखनऊ विश्वविद्यालय परिसर के बाद अब छात्रावासों में होली का माहौल बनने लगा है. रविवार को विश्वविद्यालय ने 'होली वीक' की शुरुआत की. जानकीपुरम स्थित न्यू परिसर के डा. बीआर आंबेडकर गर्ल्स हास्टल, डा. होमी जहांगीर भाभा और कौटिल्य हास्टल में होली उत्सव मनाया गया.

**डॉ. बीआर आंबेडकर गर्ल्स हॉस्टल में छात्राओं ने सुनाई कविताएं और गीत, ग्रुप डांस भी किया**

शाम छह बजे डा. बीआर आंबेडकर गर्ल्स हास्टल में होली का रंगभरा आगाज 'रंग बरसे' से किया गया. यहां कुलपति प्रो. आलोक कुमार राय की पत्नी संगीता राय बतौर मुख्य अतिथि मौजूद रहीं. छात्राओं ने एक दूसरे को सूखा रंग लगाकर बधाई दी. फिर कविता और गीत सुनाए. कई गानों पर छात्राओं ने ग्रुप डांस भी किया. इस अवसर पर अधिष्ठाता छात्र कल्याण प्रो. पूनम टंडन भी उपस्थित रहीं. होमी जहांगीर भाभा हास्टल में छात्रों ने खूब होली खेली. एक दूसरे को रंग लगाकर सेल्फी ली और बधाई दी. कौटिल्य हास्टल में भी कार्यक्रम आयोजित किया गया.

## JAGRAN CITY PAGE III

### लविवि के छात्र पढ़ाई संग करेंगे कमाई

**कर्मयोगी छात्रवृत्ति के लिए आए 540 आवेदन, पढ़ाई के साथ दो घंटे प्रतिदिन तीन महीने तक काम करने पर मिलेंगे 15 हजार रुपये**

जागरण संवाददाता, लखनऊ : लखनऊ विश्वविद्यालय में पढ़ने वाले उन छात्र-छात्राओं के लिए अच्छी खबर है, जो पढ़ाई के साथ आत्मनिर्भर बनना चाहते हैं। विश्वविद्यालय ने उनके लिए कर्मयोगी छात्रवृत्ति योजना की शुरुआत की है। जिसमें अब तक 540 विद्यार्थियों ने आवेदन किए हैं। इनके चयन की प्रक्रिया अगले सप्ताह शुरू होगी। अप्रैल के पहले चरण में चयनित छात्र-छात्राओं की सूची जारी कर विभागों में उन्हें काम आवंटित कर दिया जाएगा।

विश्वविद्यालय की अधिष्ठाता छात्र कल्याण प्रो. पूनम टंडन ने बताया कि कर्मयोगी छात्रवृत्ति योजना के तहत छात्र-छात्राओं को पढ़ाई के साथ-साथ अपना कौशल विकसित कर खुद को आत्मनिर्भर बनाने का मौका दिया जाएगा। वह पढ़ाई के साथ विश्वविद्यालय में रोजाना दो घंटे के हिसाब से तीन महीने तक काम कर सकेंगे। इसके एवज में उन्हें तीन महीने में कुल 15 हजार रुपये की छात्रवृत्ति दी जाएगी। साथ ही अनुभव प्रमाण पत्र भी दिया जाएगा।

**50 आवेदन हुए निरस्त :** कर्मयोगी छात्रवृत्ति के लिए करीब 540 आवेदन आए। जिनमें पात्रता पूरी न करने वाले 50 आवेदन पत्रों को निरस्त कर दिया गया। अब पात्र छात्र-छात्राओं का इंटरव्यू लिया जाएगा। इससे यह पता चल सकेगा कि कौन छात्र किस कार्य के लिए उपयुक्त है। उसी आधार पर इनके चयन को अंतिम रूप दिया जाएगा। प्रो. पूनम टंडन ने बताया कि जिन लोगों को कोई भी छात्रवृत्ति पहले से मिल रही है, वह इसके लिए पात्र नहीं होंगे।

**20 विभागों ने मांगे कर्मयोगी**

हैप्पी थिंकिंग लैब, रिसर्च सेल, वूमेन स्टडीज, न्यू कैंपस के प्लेसमेंट सेल, साइकोलाजी डिपार्टमेंट सहित 20 विभागों से अब तक कार्य करने के लिए रिक्तियां भेजी गई हैं। इसकी सूचना इकट्ठा कराई जा रही है। होली के बाद चयन प्रक्रिया पूरी कर अप्रैल में पहले चरण की सूची जारी की जाएगी।

### लखनऊ विवि के छात्रावासों में होली वीक की शुरुआत



लविवि के न्यू कैंपस स्थित होमी भाभा हॉस्टल में एक-दूसरे को रंग लगाते छात्र ●जागरण

जागरण संवाददाता, लखनऊ : लखनऊ विश्वविद्यालय परिसर के बाद अब छात्रावासों में होली का माहौल बनने लगा है। रविवार को विश्वविद्यालय ने 'होली वीक' की शुरुआत की। जानकीपुरम स्थित न्यू परिसर के डा. बीआर आंबेडकर गर्ल्स हास्टल, डा. होमी जहांगीर भाभा और कौटिल्य हास्टल में होली उत्सव मनाया गया।

शाम छह बजे डा. बीआर आंबेडकर गर्ल्स हास्टल में होली का रंगभरा आगाज 'रंग बरसे' से किया गया। यहां कुलपति प्रो. आलोक कुमार राय की पत्नी संगीता राय बतौर मुख्य अतिथि मौजूद रहीं। छात्राओं ने एक दूसरे को सूखा रंग लगाकर बधाई दी। फिर कविता और गीत सुनाए। कई गानों पर ग्रुप डांस भी किया। इस अवसर पर अधिष्ठाता छात्र कल्याण प्रो. पूनम टंडन भी उपस्थित रहीं।

**यहां भी होंगे आयोजन**

- 23 मार्च : लवण्या हाल, न्यू कैंपस
- 24 मार्च : कैलाश हाल, चंद्रशेखर आजाद (सीएसए) हाल
- 25 मार्च : हबीबुल्लाह हाल, तिलक हाल, महमूदाबाद हाल, गोल्डन जुबली
- 26 मार्च : एलबीएस हाल, सुभाष हाल

### कोर्स नहीं चला तो आवेदन शुल्क की वापसी नहीं

**लखनऊ विश्वविद्यालय**

- स्ववित पोषित पीजी कोर्सों के लिए जारी की गाइडलाइन
- आवेदन शुल्क वापस न करने को अभ्यर्थियों ने गलत बताया

जासं, लखनऊ : 'चित भी अपनी और पट भी अपनी'। लखनऊ विश्वविद्यालय प्रशासन हर तरफ से छात्र-छात्राओं पर कुछ इसी तरह अपनी मर्जी लागू करना चाहता है। परास्नातक स्ववित्त पोषित कोर्सों के लिए विश्वविद्यालय ने गाइडलाइन जारी की है। साफ कहा है कि 60 फीसद सीटें न भरने पर कोर्स नहीं चलेगा, साथ ही अभ्यर्थियों का जमा आवेदन शुल्क भी वापस नहीं किया जाएगा। इसको लेकर कई अभ्यर्थियों ने आपत्ति जताई है। उनका कहना है कि कोर्स न चलाना तो विश्वविद्यालय पर निर्भर है। इसमें अभ्यर्थियों की गलती नहीं है। आवेदन शुल्क वापस न करना गलत है।

लविवि में परास्नातक स्तर पर 26 से ज्यादा कोर्स स्ववित्त पोषित माध्यम से चलते हैं। इनमें दाखिले के लिए 60 फीसद सीटें भरना अनिवार्य है। गत वर्ष के प्रवेश में लविवि ने दो कोर्सों में अपनी मनमानी की। इस बार भी पीजी प्रवेश प्रक्रिया के लिए जो गाइडलाइन जारी की गई है, उसमें कहा गया है कि कोर्स न चलने पर भी आवेदन शुल्क वापस नहीं किया जाएगा।

**ये है आवेदन का शुल्क :** सत्र 2021-22 की प्रवेश की प्रक्रिया के लिए आवेदन प्रक्रिया 19 मार्च से शुरू हो गई है। परास्नातक आवेदन फार्म की फीस सामान्य, अन्य पिछड़ा वर्ग, ईडब्ल्यूएस कोटे के लिए एक हजार रुपये है। अनुसूचित जाति, जनजाति के लिए 500 रुपये तय हैं। आवेदन का मौका 30 अप्रैल तक है, जबकि लेट फीस एक हजार रुपये के साथ सात मई तक मौका है।

> यदि सेल्फ फाइनेंस कोर्स नहीं चलता है तो अभ्यर्थी का आवेदन शुल्क वापस कर दिया जाएगा। एडमिशन ब्राशर में त्रुटिवश ऐसा हुआ है, उसे ठीक कराया जाएगा।
>
> – प्रो. संजय मेधावी, एडिशनल एडमिशन कोआर्डिनेटर, लविवि

### लविवि के सात और छात्र गेट में सफल

जासं, लखनऊ : द ग्रेजुएट एप्टीट्यूट टेस्ट इन इंजीनियरिंग (गेट)-2021 के नतीजों में लखनऊ विश्वविद्यालय के सात और होनहारों ने बाजी मारी है। इनमें छह विद्यार्थी भौतिक विज्ञान और एक छात्रा दर्शनशास्त्र विभाग की है। छात्रा अमूल्या बाजपेयी 41वीं और अभिषेक यादव 113वीं रैंक लाने में सफल रहे।

रजत मिश्रा 197वीं रैंक, सारांश सक्सेना को 350वीं, शिवानी मौर्या 384वीं, पूजा 855वीं व राघवेंद्र सिंह को 1361वीं रैंक मिली है। अब इनके लिए आइआइटी में एमटेक एवं पीएचडी दाखिले की राह आसान हो जाएगी। विवि की अधिष्ठाता छात्र कल्याण प्रो. पूनम टंडन ने सफल विद्यार्थियों को बधाई दी।

## HINDUSTAN PAGE 6

### कोर्स नहीं चला तो आवेदन शुल्क वापस नहीं

**एलयू**

लखनऊ। **निज संवाददाता**

लखनऊ विश्वविद्यालय प्रशासन हर तरफ से छात्र-छात्राओं पर अपनी मर्जी लागू करना चाहता है। परास्नातक सेल्फ फाइनेंस कोर्सों के लिए विश्वविद्यालय ने गाइडलाइन जारी की है। जिसमें 60 फीसद सीटें न भरने पर कोर्स नहीं चलेगा, साथ ही उस स्थिति में आवेदन शुल्क भी नहीं वापस किया जाएगा। इसको लेकर कई अभ्यर्थियों ने आपत्ति जताई है। उनका कहना है कि कोर्स न चलाना तो विश्वविद्यालय पर निर्भर है। इसमें अभ्यर्थियों की गलती नहीं है। फिर भी आवेदन शुल्क का पैसा वापस न करना गलत है।

एलयू में परास्नातक स्तर पर 26 से ज्यादा सेल्फ फाइनेंस कोर्स चलते हैं। एलयू के एडिशनल एडमिशन कोआर्डिनेटर प्रो. संजय मेधावी ने कहा कि यदि सेल्फ फाइनेंस कोर्स नहीं चलता है तो अभ्यर्थी का आवेदन शुल्क वापस देना है या नही, इसके लाइन सोमवार को कुलपति के साथ चर्चा करेंगे। उसके बाद एडमिशन ब्राशर में भी बदलाव कर दिया जाएगा।

**परास्नातक सेल्फ फाइनेंस कोर्सों में यह है आवेदन शुल्क**

सत्र 2021-22 की प्रवेश की प्रक्रिया के लिए आवेदन प्रक्रिया 19 मार्च से शुरू हो गई है। परास्नातक आवेदन फार्म की फ़ीस सामान्य, अन्य पिछड़ा वर्ग, ईडब्ल्यूएस कोटे के लिए एक हजार रुपये है। अनुसूक्ति जाति, जनजाति के लिए 500 रुपये तय है। आवेदन का मौका 30 अप्रैल तक है। जबकि लेट फीस एक हजार रुपये के साथ सात मई तक मौका है। वहीं परास्नातक प्रबन्धन पाठ्यक्रमों जैसे एमबीए और मास्टर आफ ट्रवल एंड टूरिज्म मैनेजमेंट के आवेदन फार्म की फ़ीस सामान्य, अन्य पिछड़ा वर्ग, ईडब्ल्यूएस के लिए 1600 रुपये है। अनुसूचित जाति एवं जनजाति के लिए 800 रुपये देने होंगे।

## NBT PAGE 4

**State Level Joint Entrance Examination for B. Ed. (Two years) 2021-2023**

Conducted by: **University of Lucknow**, Lucknow, U.P.

University of Lucknow, Lucknow is conducting the State Level Joint Entrance Examination (JEE) for admission to B. Ed. (two years) program for the academic session 2021-23 in all State Universities of Uttar Pradesh, their affiliated/associated and constituted colleges. On-line applications are invited for the same. The On-line application form and other related guidelines are available on the University of Lucknow website: www.lkouniv.ac.in. The last date for applying without late fees is extended till March 24, 2021. Applicants may apply online with late fees from March 25, 2021 to March 31, 2021.

Registrar

## TOI PAGE 7

**State Level Joint Entrance Examination for B. Ed. (Two years) 2021-2023**

Conducted by: **University of Lucknow**, Lucknow, U.P.

University of Lucknow, Lucknow is conducting the State Level Joint Entrance Examination (JEE) for admission to B. Ed. (two years) program for the academic session 2021-23 in all State Universities of Uttar Pradesh, their affiliated/associated and constituted colleges. On-line applications are invited for the same. The On-line application form and other related guidelines are available on the University of Lucknow website: www.lkouniv.ac.in. The last date for applying without late fees is extended till March 24, 2021. Applicants may apply online with late fees from March 25, 2021 to March 31, 2021.

Registrar